कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/मा–स/22492/प्रवेशोत्सव/2017–18/147 दिनांकः 30/6/2017

1. समस्त मण्डल उपनिदेशक
   माध्यमिक शिक्षा
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय

विषय :– नामांकन वृद्धि अभियान : प्रवेशोत्सव–2017 को दिनांक : 15.07.2017 तक बढाने के क्रम में।

प्रसंग :– समसंख्यक पत्र दिनांक : 15.03.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक निर्देश पत्र द्वारा राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन वृद्धि अभियान के रूप में "प्रवेशोत्सव–2017" को दो चरणो में दिनांक 01.05.2017 से दिनांक : 30.06.2017 तक आयोजित किए जाने बाबत् निर्देश प्रदान किए गए थे। उक्त अभियान के अन्तर्गत विद्यालय एवं जिलेवार प्रदत्त नामांकन लक्ष्य प्राप्ति के लिए राजकीय विद्यालयों के विगत वर्षों की तुलना में गुणात्मक एवं संख्यात्मक रूप से बढ़े हुए परीक्षा परिणाम, सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रदान की जार रही विभिन्न प्रकार की सुविधाओं एवं लाभकारी प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी एस.एम.सी. व एस.डी.एम.सी. के सहयोग से समस्त अभिभावकों व आमजनों को देते हुए स्थानीय जन समुदाय को विद्यार्थियों के राजकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए नामांकन लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है।

वर्ष : 2017–18 व 2018–19 हेतु विद्यालय तथा जिलेवार नामांकन लक्ष्य निर्धारित किए जाकर समसंख्यक पत्र दिनांक : 08.03.17 द्वारा समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को जरिये मेल अवगत करवाया जा चुका है, जिसे विभागीय वेब–साईट पर भी उपलब्ध करवाया गया है। वर्ष : 2017–18 हेतु प्रदत्त सम्पूर्ण राज्य के नामांकन लक्ष्य के विरूद्ध आज दिनांक तक प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 1 लाख 75 हजार नवीन नामांकन हुआ है ।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में प्रवेशासत्व – 2017 के द्वितीय चरण की तिथि दिनांक : 15.07.2017 तक बढ़ाई जाकर निर्देशित किया जाता है कि :–

1. विद्यालय एवं जिले को वर्ष : 2017–18 के लिये आवंटित नामांकन लक्ष्य को ध्यान में रख कर सघन नामांकन वृद्धि अभियान संचालित किया जाना सुनिश्चित करें ।
2. प्रति दिवस जिला कर्यालय द्वारा मण्डल कार्यालय के माध्यम से निदेशालय को नवीन नामांकन की सूचना निर्धारित प्रारूप में मेल से भेजते हुए दूरभाष पर भी सूचित करें ।
3. नामांकन का इन्द्राज नियमित रूप से शाला दर्पण पर आवश्यक रूप से किए जाने हेतु समस्त संस्थाप्रधानों को पाबन्द करें, जिससे वास्तविक नामांकन की अद्यतन स्थिति निरन्तर प्राप्त हो सके ।
4. प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित – क्लिक योजना , आयकर धारा – 80 जी के अन्तर्गत एस.डी.एम.सी. का पंजीयन , काउड फण्डिंग हेतु जागरूकता तथा आंगनबाड़ी समन्वय के शेष कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रवेशात्सव कार्यक्रम के दौरान कियान्विति की जाकर अद्यतन प्रगति सूचना का निरन्तर अपडेशन शाला दर्पण पर करें ।

— हस्ता० —

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।

www.rajteachers.com

2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–I) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. आयुक्त, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्, जयपुर।
6. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
8. उप निदेशक (सांख्यिकी), कार्यालय हाजा।
9. उप निदेशक (समाज शिक्षा), कार्यालय हाजा।
10. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
11. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान ।
12. समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय को जरिए शाला दर्पण।
13. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी ,माध्यमिक, धौलपुर

दिनांक 3/7/17

कमांक–जिशिअ/मा/धौ/शैप्र/2017/4332

प्रतिलिपि–

समस्त संस्थाप्रधान

राउमावि/रामावि (छात्र–छात्रा) पालना हेतु एवं प्रति दिन नियत प्रारूप में प्रवेश की सूचना भिजवाने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक धौलपुर

www.rajteachers.com